Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding shortage of water in Jhunjhunu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): महोदय, आपने आज मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार ।

मेरे संसदीय क्षेत्र झुन्झुनू जिले में दो विधान सभा क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें पेयजल की बहुत बड़ी समस्या है । वहाँ कुओं और हैडपम्पों का पानी सूख गया है । उसमें उदरयपुरवाटी व सूरजगढ़ विधान सभा क्षेत्र हैं । राजस्थान सरकार द्वारा क्रमश: 718.41 एवं 612.25 करोड़ रुपये 25-04-2016 को स्वीकृत किए जा चुके हैं । वर्ष 2016-17 की बजट घोषणा में इन परियोजनाओं की क्रियान्वति हेतु राज्य सरकार द्वारा बहुराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से वित्त पोषण के माध्यम से कार्य प्रारम्भ करवाने की घोषणा की गई, दिनांक 16-05-2018 को भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की स्वीकृति हेतु भिजवाई गई थी । जायका की बाह्य वित्तीय सहायता हेतु इस संबंध में दिनांक 22-04-2019 को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स के निदेशक श्री अविनाश कुमार मिश्रा द्वारा जन स्वा.अभि. विभाग जयपुर व जायका के साथ बैठकर विस्तृत चर्चा भी की जा चुकी है व दिनांक 01-08-19 को जायका मिशन द्वारा सूरजगढ़ व उदयपुरवाटी विधान सभा क्षेत्रों का दौरा भी किया जा चुका है । यह जायका कंपनी जापान की है । मैं यही निवेदन करना चाहता हूँ कि केंद्र सरकार द्वारा यह स्वीकृति शीघ्र निकाली जाए, जिससे इस समस्या का समाधान हो सके । इसमें पैसे की स्वीकृति हो चुकी है।

माननीय सभापति : श्री अनिल फिरोजिया – उपस्थित नहीं ।

श्री प्रदीप कुमार सिंह ।